ISSN : 2456-8856

पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2021-2023 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 25, अंक 239 सितम्बर 2023

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 25 अंक 239
सितम्बर 2023

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/9510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रहिम श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	03
2.	The Relationship of Emotional Intelligence with Academic Performance of Senior College Student	Dr. Tejpal Tukaram Jagtap Dr. Ghansham Balu Kamble	04
3.	तुम्हें बदलना ही होगा उपन्यास में दलित नारी	लक्षेश्वरी (शोधार्थी)	08
4.	Home : A Representation of dehumanization and trauma	Dr. Rajesh Vinayakrao Dandge	11
5.	राजभाषा कार्यान्वयन : प्रभावी प्रविधि	हरिकिशोर गुप्ता (शोधार्थी)	15
6.	Analysis of developing Agriculture sector through Financing by SBI (Ujjain Dist.)	Abhishikha Parmar (Research Scholar)	17
7.	Manipur Voilence and Lessons From Ambedkar's Experience with Media	Mr. Abhay Kumar	19
8.	Nanotechnology AANE WALA KAL	Dr. Manish Sharma	24

UGC Care Listed Journal
खाते का नाम – आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.– 63040357829
बैंक – भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा– फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

अपने समृद्ध वैचारिक संवाद तथा देश के ख्याति प्राप्त लेखको, चिंतकों, समाज वैज्ञानिकों की सक्रिय सहभागिता से भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय UGC Care Listed मासिक शोध पत्रिका ''आश्वस्त'' इस माह अपनी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण कर रही है। भक्तिकाल के संत कवियों से लेकर आधुनिककाल के कवियों, साहित्यकारों, लेखकों, चिंतकों के द्वारा अपनी लेखनी के माध्यम से शोषित एवं दलितों के प्रति होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का जो स्वर बुलंद किया है, उसे आश्वस्त पत्रिका ने अपनी विकास यात्रा में समाहित किया है।

महाकारुणिक गौतम बुद्ध, संत कबीर, संत शिरोमणि रैदास, दादू दयाल, सहजोबाई, गुरु घासीदास, संत तुकाराम, महात्मा ज्योतिबा फुले तथा दलितों के मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर से लेकर प्रत्येक उस व्यक्ति को इस बात का श्रेय जाता है जिसने समाज में व्याप्त सड़ी– गली मान्यताओं के आधार पर स्थापित की गई वर्ण और जातिगत अवधारणाओं और मनुष्य को मनुष्य से अलग करनेवाली ताकतों के विरुद्ध अपने–अपने स्तर पर विद्रोह किया तथा समाज के तथाकथित ठेकेदारों को खरी–खरी सुनाई। सामाजिक परिवर्तन का शंखनाद करती हुई ये हजारों सैंकड़ों कविताओं, कहानियों, लघुकथाओं, नाटकों, उपन्यासों, आत्मकथाओं के माध्यम से विस्तारित होती हुई समाज को सामाजिक न्याय की स्थापना के लिये चुनौती देती प्रतीत होती है।

प्रसन्नता है कि आश्वस्त हिन्दी मासिक पत्रिका का रजत जयंती अंक आपके कर कमलों में है। इस पत्रिका ने पूरे देश में लघु पत्रिका के रूप में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है तथा यह अपनी एक विशिष्ट पहचान को आधार प्रदान करने की दिशा में प्रयत्नशील है। विभिन्न विधाओं के माध्यम से दलित चेतना और दलित अस्मिता को जगाने व विकसित करने का काम कर रही है। तथागत गौतम बुद्ध से लेकर प्रज्ञासूर्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व की स्थापना एवं सामाजिक न्याय पर आधारित वर्णविहीन, वर्गविहीन, शोषण मुक्त समाज की रचना का तेवर लिये पत्रिका निरंतर चलते हुए सफलता के साथ इस मुकाम पर पहुंची है।

दलितोत्थान के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी जी ने भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश उज्जैन की स्थापना कर ''आश्वस्त'' हिन्दी मासिक पत्रिका के संस्थापक–संपादक के रूप में साहित्य–सेवा आरंभ की। डॉ. सत्यप्रेमीजी ने गद्य और पद्य दोनों में समान रूप से लेखन कार्य किया है। वे दलित चेतना और दलित अस्मिता की अभिव्यक्ति की दिशा में प्रत्येक रूप में प्रतिबद्ध एवं सक्रिय रहे हैं। डॉ. सत्यप्रेमीजी ने दलित साहित्य के स्वरूप और परम्परा संबंधी संदर्भों को आश्वस्त पत्रिका के माध्यम से एक वैचारिक मंच प्रदान किया है तथा दलित साहित्य चिंतन के वैचारिक पक्ष को अपनी रचनाओं में उकेरा है। मनुवादी संस्कृति के विरोध में परिवर्तन का लक्ष्य लेकर दलित साहित्य आश्वस्त के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर रहा है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र विशेषकर सामाजिक, आर्थिक धरातल पर समता और न्याय की मांग करता है।

डॉ. सत्यप्रेमीजी ने स्वयं दलित जीवन जीया है और जीने के लिये पूरे स्वाभिमान के साथ संघर्ष किया है। साथ ही उन्होंने ऐसे जीवन को अन्यत्र–सर्वत्र भी देखा है और उसके हर कोण को समझा और जाना है। संघर्ष के पथ पर चलते हुए उन्होंने जो कुछ अनुभव किया उसे ही काव्यात्मक अभिव्यक्ति देकर उकेरा है। उनका कहना है–''जीना/महज सांस लेना ही नहीं/रोना और हंसना भी नहीं/वह जिहाद हो गया है।''

'आश्वस्त' हिन्दी मासिक पत्रिका अपनी विकास यात्रा के पड़ाव पार करते हुए वर्ष 2022 में UGC Care List में शामिल हो गई है तथा यह अपने कार्यक्षेत्र को विस्तारित करते हुए Peer Reviewed Referred Bi-linguan Monthly International Research Journal बन गई है। 23 सितम्बर 2023 को **आश्वस्त रजत जयंती महोत्सव** पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय–**दलित साहित्य और आश्वस्त की विकास यात्रा** है, इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों के साहित्यकारों, पत्रकारों, कवियों, समाजसेवियों सहित अनेकानेक अधिकारियों ने सहभागिता की।

आश्वस्त की इस विकास यात्रा में रचनात्मक सहयोग देने वाले समस्त रचनाकारों, पाठकों, विज्ञापनदाता– जनसंपर्क मध्यप्रदेश सहित समस्त आशीर्वाददाताओं, शुभ चिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। पत्रिका के मुद्रक प्रदीप यादव मालवा ऑफसेट उज्जैन व उनकी टीम को धन्यवाद देती हूं जिनके सहयोग से आश्वस्त समय से प्रकाशित होकर आप तक पहुंच सकी। साथ ही कानूनी सलाहकार खालिक मंसूरी एडवोकेट को भी धन्यवाद देती हूं जिन्होंने आवश्यकतानुसार समय–समय पर कानूनी/वैधानिक कार्यवाही सम्पन्न कराने में सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया। पत्रिका की संपूर्णता में भाई दिलीप चौहान कम्प्यूटर आपरेटर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिनकी टाईपिंग त्रुटि न के बराबर होने से समय व ऊर्जा की बचत होती है। साथ ही उन सभी महानुभावों के प्रति जिन्होंने प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से 'आश्वस्त' को इस ''रजत जयंती महोत्सव'' के पड़ाव तक की यात्रा कराने में सहायता की है आभार व्यक्त करना अपना कर्तव्य समझती हूं।

– डॉ. तारा परमार

The Relationship of Emotional Intelligence with Academic Performance of Senior college students

- Dr. Tejpal Tukaram Jagtap
- Dr. Ghansham Balu Kamble

ABSTRACT

Present research was commenced with the objective to discover the relationship between emotional intelligence and academic performance of college going students. The sample comprised of 100 college students studying in various colleges from Islampur, Sangli and Kolhapur city with age ranges from 18 to 20 years. Male female ratio was kept 1:1. Ss were selected using purposive sampling technique. Emotional Intelligence level of the students was measured by using Mangal's Emotional intelligence inventory and their previous year grade (percentage) was used to determined their academic performance. Further data was analyzed by the Mean, SD and Pearson's correlation. Result indicates that, there were substantial association was found between emotional intelligence and academic achievement for the present study.

Keywords : emotional intelligence and academic achievement

Academic achievement is the heart of the entire educational development. It is considered as a central goal of education. It refers to the skill attained in some specific area regarding academic work and degree of success. Achievement is an extremely important factor in personal progress when quality of performance becomes key factor. During the middle childhood years children confronted developmental task i.e., various intellectual and academic skills and the motivation to master them. Katyal and Bindra (1995) argued that academic achievement has become an indicator of individual's future in this highly viable world. Most of the times students are certain average or capabilities excel. As per academic concern the term achievement is refers to grade or marks obtained by students which is outcome of teacher's instructions as well students study.

There are many studies which stated that emotional intelligence has a significant role in the development of

academic performance (Malik and Shahid., Carolyn MacCann et al., 2020). Emotional intelligence can regulate persons emotions as well as it makes persons able to manage his/her as well as others emotion. Probably this is the reason people get success in their life.

Sample : A sample of 100 participant in which 50 were male and 50 were female from Islampur, Sangli and Kolhapur (Maharashtra) and nearby villages (50 rural; 50 urban). participants were assigned by purposive sampling technique for the present study and age range of Ss was varied 18 to 20 years.

Design for study : A Correlational design was adopted for the present study.

Statistical Treatment of the data :

Descriptive statistics namely the Mean and Standard Deviation and Pearson's Correlation coefficient were used for analyze the obtained data.

Aim : Main aim of the present study was to find out the relationship between emotional intelligence and Academic performance of Senior College students.

Objectives of the study : Following main objectives were framed for the present study :

1. To measure the level of emotional intelligence and Academic Performance of senior college students.

2. To find out the correlation coefficient between emotional intelligence and Academic Performance of senior college students.

Hypothesis :

To serve the objective of the study, following hypothesis is framed and tested. Assuming that other variables are kept constant.

H1. Emotional Intelligence will be strongly and positively associated to Academic Performance

Tools Used for Data Collection 1) Mangal's Emotional Intelligence Inventory: This inventory was constructed by S.K. Mangal and Subhra Mangal (2007). The four major factors of EI viz. a) intrapersonal awareness b) interpersonal awareness c) intrapersonal management, and d) interpersonal management is measured by this inventory. This scale contains 100 statements with two alternatives 'Yes' and 'No'. Reliability of this test by the split half is .89, by K-R formula 20 is .90 and by test-retest is .92. Validity of

the inventory is varied from. 437 to .716. 2) Academic Performance: For the present study, % age acquired in previous year by the students has considered as academic performance. Higher the percentage higher the academic performance score and vice versa.

Variables under study: A. Emotional Intelligence B. Academic Performance**.** Procedure : After selecting subjects, the tests were distributed to them. Before filling the tests, rapport was established with them and assure them that the identification and responses given by them was kept confidential and this information would not be disinterring anywhere, so they can give their responses comfortably and honestly.

After that the importance and purpose of the study was explained to them. The instructions were given them according to manual. After that the tests was given to them. After response booklets and answer sheets was collected from them.

RESULTS

Table 1 showed Descriptive statistics and 'r' value of Emotional Intelligence and Academic Performance.

Variables	*Mean*	*SD*	*N*	*r – value*	*df*	*Sig.*
Emotional Intelligence	68.55	8.22	100	.64	98	.000
Academic Performance	77.13	12.93				

Table 1 shows the correlation coefficients between emotional intelligence, and Academic Performance. It is perceived from the table that the coefficient of correlation (.64) between Emotional Intelligence (M= 68.55, and SD= 8.22) and Academic Performance (M= 77.13, SD= 12.93) of students is statistical significant (r (98) .64, p <.01). Therefore, it suggests that there is significant association exists between these two variables. Hence, the hypothesis which read as, Emotional Intelligence will be strongly and positively associated to Academic Performance, is accepted.

This result of the study is as per the expectancy for the reason that, high

emotional intellectual individuals are well self-regulated and their decision-making ability is quite good. Probably that is the reason they can do well in any kind of situation. However, these findings are coherent with those of Carolyn MacCann et al. (2020), Venkteshwar and Warrier (2016), Malik and Shahid (2016) they reported direct relationship between Emotional Intelligence and Academic performance and the EI increases GPA. There are also some studies which are inconsistent with current findings and argued that emotional intelligence and academic performance do not related to each other (Chen and Lai, 2015). These mixed previous findings suggest more studies should be undertaken to explore the relationship between these two variables.

CONCLUSIONS :

On the basis of statistical analysis, interpretation and discussion of data we could conclude that there were substantial association was found between emotional intelligence and academic achievement for the present study.

Limitation :

- The geographical area of study was restricted for Islampur, Kolhapur and Sangli city and nearby villages only.
- There are many variables that influence academic performance but in the present study emotional intelligence was taken into account only.
- A sample size of one hundred taken for the present study.

Suggestions for further study :

- There are wide ranges of variables that can influence academic performance but for the present study only emotional intelligence was taken into account. By taking some other variables such as academic self-esteem, procrastination, academic resilience etc. further psychological studies should be carried out to find out the factors that are responsible for observing academic performance.
- A large set of a sample from various cities should be taken.
- In future study some advance statistical techniques such as ANOVA, multiple correlation and regression analysis should be employ.

- Dr. Tejpal Tukaram Jagtap
& Dr. Ghansham Balu Kamble
Karmaveer Bhaurao Patil College,
Urun-Islampur, Dist-Sangli, Maharashtra.
Mob. 7020248713

References :

Carolyn MacCann, Yixin Jiang, Luke E. R. Brown, Kit S. Double, MicaelaBucich AmiraliMinbashian, (2020) Emotional Intelligence Predicts Academic Performance: A Meta-Analysis, Psychological Bulletin, American Psychological Association, 146(2), pp. 150-186, ISSN : 0033-2909 http://dx.doi.org/10.1037/bul0000219

Chen and Lai (2015) Personality Traits, Emotional Intelligence and Academic Psychology, Achievements of University Students, American Journal of Applied 4 (3-1), pp. 39-44. doi: 10.11648/j.ajap.s.2015040301.17

Malik and Shahid (2016), Effect of emotional intelligence on academic performance among business students in Pakistan, Bulletin of Education and Research, 38(1), pp. 197-208.

Venkteshwar and Warrier (2016) the relationship between emotional intelligence, personality and academic performance of net generation students, IOSR journal of business and management, 18(3), pp. 10-14, e-issn: 2278-487x, p-issn: 2319- 7668.

'तुम्हें बदलना ही होगा' उपन्यास में दलित नारी

– लक्षेश्वरी (शोधार्थी)

शोध सार

दलित स्त्रियाँ सदियों से पितृसत्तात्मक समाज द्वारा निर्मित परम्परा एवं संस्कृति की वाहक रही हैं। दलित नारी अपने साथ किये जाने वाले बर्बरतापूर्ण अन्याय, अत्याचार, शोषण, उत्पीडन एवं अनाचार को सहन करने के लिए वर्तमान समय में भी बाध्य हो रही हैं। सुशीला टाकभौरे ने दलित नारियों के जीवन के कटु सत्य, उपेक्षा, घुटन, पीड़ा, अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को बनाये रखने के लिए निरंतर उनके द्वारा किये जाने वाले संघर्षों को अपने भोगे हुए अनुभवों के माध्यम से यथार्थ रुप में चित्रित किया है। वर्तमान समय में भी दलित नारी के लिए उसकी जाति किस प्रकार से उसके शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण का कारण बनती है इसका चित्रण लेखिका ने अत्यंत मार्मिक रुप में 'तुम्हें बदलना ही होगा' उपन्यास में व्यक्त किया है।

बीज शब्द – सुशीला टाकभौरे, तुम्हें बदलना ही होगा, दलित नारी, दलित अस्मिता, नारी–विमर्श।

मूल आलेख

सुशीला टाकभौर, दलित साहित्य के क्षेत्र में एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। भारतीय समाज व्यवस्था में दलित स्त्रियाँ सदियों से अपमानित, उपेक्षित, शोषित और समाज से बहिष्कृत की जाती रही हैं। दलित स्त्रियों की समस्याएं अन्य भारतीय स्त्रियों से भिन्न है। दलित स्त्रियाँ जातिगत, लिंगभेद, एवं आर्थिक इन तीन आधार पर शोषण की शिकार होती आ रही हैं। लेखिका ने दलित नारी, रुढ़िवादी विचार, अंध विश्वास, अशिक्षा के कारण शोषण की शिकार बनी, नारी जीवन में होने वाले अन्याय, अत्याचार की करुण कथा को वाणी प्रदान कर उसके दर्द, पीड़ा, घुटन को अपनी रचनाओं में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया है। पुरुष प्रधान समाज में सारे अधिकार पुरुषों को ही प्राप्त थे, और इसी अधिकारों के कारण वह नारी को शोषित और पीड़ित करता आ रहा है। लेखिका स्वानुभूत अनुभवों के कारण दलित नारियों की व्यथा–कथा को बहुत अच्छी तरह से समझती हैं। लेखिका ने दलित स्त्री की समस्याओं एवं सामाजिक यथार्थ को 'तुम्हें बदलना ही होगा' उपन्यास में चित्रित किया है।

उपन्यास की नायिका महिमा एक दलित स्त्री है। महिमा नौकरी की तलाश में भटकती रहती है। किसी तरह से ज्ञात होने पर वह शान्ति निकेतन महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के कोटे पर अपना आवेदन फार्म जमा करती है। परंतु सवर्ण समाज के लोग नहीं चाहते

थे कि शान्ति निकेतन महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के लोग नौकरी के लिए आये। शान्ति निकेतन महाविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी यथाशक्ति प्रयत्न करते कि उस संस्था में नॉन टीचिंग हो या टीचिंग सभी ब्राह्मण हो इसलिए बड़ी ही सूझ–बूझ के साथ उस पद में सवर्ण जाति की महिला को पदस्थ कर दिया जाता है। नौकरी के संबंध में जानकारी मांगने पर महिमा से रजिस्ट्रार कहता है–'वह इन्टरव्यू तो हो चुका है। उस पोस्ट के लिए तिवारी मैडम का अप्वांइटमेंट हो चुका है।"[1] सभ्य और सवर्ण समाज के द्वारा एक दलित स्त्री के अधिकार को बड़े ही होशियारी और चलाकी के साथ छिना जाता है। लेखिका ने दलित नारी के साथ किस प्रकार से सवर्ण समाज के लोग अपनी अहम् भावना के कारण छल कपट कर उसके अधिकारों का हनन् करते है इसका सजीव चित्रण किया है।

भारतीय समाज में प्राचीन समय से जाति का भेदभाव चला आ रहा है। महिमा के काफी मेहनत के बाद शान्ति निकेतन महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के कोटे पर नौकरी लग जाती है, पर वह बार–बार अपनी जाति के कारण अपमानित होती रहती है। महाविद्यालय में हर कोई महिमा के साथ बुरा व्यवहार करते थे। महाविद्यालय में ध्वजा रोहण के लिए रघुजी नगर के प्रसिद्ध वैद्यराज पंड़ित त्रिपाठी को बुलाया गया था। कार्यक्रम के बाद सभी प्राध्यापकों का परिचय कराया गया लेकिन महिमा का परिचय उसकी जाति के नाम से कराते हुए उप प्राचार्य शास्त्री मैडम ने कहा–'पंड़ित जी, महिमा हमारे महाविद्यालय की अच्छी प्राध्यापिका है। बस, दुख की बात यह है कि वह निम्न वर्ण की चमार जाति में पैदा हुई है। 'यह मायावती बहनजी की बहन, हमारे बीच रहकर, हमारी ही नाक काट रही है।'[2] स्टॉफ में भी सभी महिमा से उसकी जाति के कारण घृणा एवं अपमान करते थे।

वर्तमान समय में भी अन्तरजातिय प्रेम विवाह एक समस्या बनी हुई है। विवाह चाहे प्रेम विवाह हो या सामाजिक रीति–रीवाज से सम्पन्न हो हर समय और हर जगह पर नारी को सामांजस्य स्थापित करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसलिए नारी मुक्ति और नारी समानता, नारी अधिकार की बातें करने वाला चमन लाल बजाज भी महिमा भारती के समक्ष अन्तरजातिय प्रेम विवाह से पहले शर्त रखते हुए कहता है कि – 'विवाह के बाद आपको प्राध्यापिका की नौकरी छोड़नी पड़ेगी। आप जानती हैं, मेरी पत्नी साधारण प्राध्यापिका की नौकरी करे, यह मेरे मान–सम्मान के विरुद्ध है।'[3] पुरुष को अपने पुरुषत्व पर गर्व रहता है इसलिए नारी शिक्षा और नारी मुक्ति का हिमायती चमन लाल का नारी के प्रति परम्परावादी दष्टिकोण स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है।

समाज में आज भी छुआछुत, भेदभाव कायम है भले ही यह सैद्धांतिक रुप में तो नहीं पर व्यवहारिक रुप में दिखाई देता ही है। इसलिए महिमा से कोर्ट मैरिज करने के बाद भी चमन लाल बजाज का परिवार स्वीकार नहीं करता है। नारी मुक्ति आंदोलन चलाने वाला स्वयं चमन लाल बजाज के मन में भी जात–पात का भेदभाव समाया हुआ था और महिमा भारती को ब्राम्हण जाति की समझ कर विवाह किया था। महिमा को बजाज परिवार में बहू के रुप में स्वीकार नहीं करने पर महिमा की जाति के प्रति चमन लाल अपनी अज्ञानता प्रकट करता है तब उसके पिता कहते हैं–'क्या बावले जैसी बातें कर रहे हो? जमाना गांधी जी का हो या अम्बेडकर का, मगर जातपांत तो समाज में रहेगी न। हम बजाज मारवाड़ी बनिया परिवार के हैं, तो बजाज ही कहलायेंगे। वह लड़की भारती कहलाकर ब्राम्हण नहीं बन सकती, यह तुम नें क्यों नहीं सोचा?"[4] समाज में अभी भी भेदभाव और जातिवाद समाया हुआ है। चमनलाल बजाज की माँ कहती है कि–'निर्बल हों या न हों मगर मैं चमार जाति की लड़की को अपनी बहू कैसे मानूं, समाज में हमारी क्या इज्जत रहेगी।"[5] चमनलाल बजाज का पिता अपने परिवार, अपनी मान मर्यादा को बचाने के लिए महिमा को अपने परिवार के जीवन पथ से हटाने के विषय में कहते हैं तब कानून और न्याय व्यवस्था के भय

से चमनलाला के बड़े भाई मध्यम मार्ग का उपाय बताते हैं–तुम्हें मेहमान खाने में ही रहना होगा। तुम हवेली में पूरे परिवार के साथ नहीं रहोगे। तुम्हारी पत्नी हवेली में कभी कदम रखने की हिम्मत नहीं करेगी। हमारे चौके चूल्हे को वह भ्रष्ट नहीं करेगी। अपने सवर्ण जाति समुदाय में उसे तुम कभी नहीं ले जाओगे। उसके अछूत रिश्तेदारों को कभी अपने घर नहीं आने दोगे। उसकी जाति के विषय में कभी किसी को नहीं बताओगे। सबसे पहले 'आर्य समाज पद्धति से उसका और अपना शुद्धिकरण करवाओगे।"[6] सभ्य समाज के लोगों को अपने मान सम्मान की चिंता रहती है। सवर्ण समाज दलित स्त्री को मानवी नहीं मानते उनका दुख–दर्द उन्हें दिखाई नहीं देता है। सवर्ण समाज की नजरों में दलित नारी की कोई इज्जत नहीं होती है, हमेशा दलित नारी के साथ छुआछूत, भेदभाव के साथ उसका अपमान भी किया जाता है –'अभी भी छुआछूत, भेदभाव के साथ हमारा अपमान किया जाता है। दलित अछूतों को अभी भी पशुओं से भी निम्न समझा जाता है।'[7] दलित नारी, नारी और दलित होने के कारण दोहरी मार झेलने को बाध्य होती है उनके जीवन को अधिक कष्टमयी बना दिया जाता है–'समाज व्यवस्था में स्त्री मनुवादी लिंगभेद से पीड़ित है। पुरुष शोषित–पीड़ित रहकर भी, अपनी स्त्रियों को अन्याय और शोषण का शिकार बनाते हैं।"[8] रुढ़िवादी मानसिकता एवं विचारधारा वाले सवर्ण समाज में दलित नारी का जीवन अत्यंत कष्टदायी है। नारी सशक्तिकरण, नारी मुक्ति के हिमायती होने के बावजूद भी चमनलाल बजाज अपनी पत्नी महिमा को बंधन में जकड़कर रखता है। लेखिका ने सामाजिक शोषण से उत्पन्न वेदना का चित्रण किया है।

निष्कर्ष

लेखिका ने उपन्यास में दलित नारी के प्रति समाज का यथार्थ एवं कटु सत्य और नारी के उच्च जीवट शक्ति को चित्रित किया है। सवर्ण समाज ने जातीयता के बीज बोकर, दलित नारियों को अछूत कह कर उनके जीवन को नरक तुल्य बना दिया है। दलित नारी की समस्याओं, बिडंबनाओं और उसके दोहरे संतापों को उपन्यास में सजीव रुप में अभिव्यक्त किया है। दलित नारी का जीवन, उसकी स्थिति भारतीय समाज व्यवस्था के कारण हमेशा से उत्पीड़नकारी रहा है। दलित नारियों की योग्यता को जातिगत भेदभाव के कारण भी निम्न कोटि का ही माना जाता है और उनके अधिकारों को छिन लिया जाता है, जिसकी वजह से नारी शोषण की शिकार होती आ रही है। दलित स्त्रियों के प्रति सवर्ण समाज द्वारा किये जा रहे भेदभाव की राजनीति को समझने की जरुरत है। स्त्री–पुरुष भेदभाव की परंपरागत मान्यताओं का विरोध कर परम्परिक विचारधाराओं में परिवर्तन लाने और उनको समान अधिकार देने की आवश्यकता है तभी दलित नारियों का सही मायने में विकास हो पायेगा और उनका जीवन कष्ट मुक्त हो जाएगा ।

– लक्षेश्वरी, शोधार्थी,
शासकीय बिलासा कन्या पी. जी. महाविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. हरिणी रानी आगर, शोध निर्देशक,
शासकीय बिलासा कन्या पी. जी. महाविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)
मोबा. 9584209475

संदर्भ :

1. सुशीला टाकभैरे, तुम्हें बदलना ही होगा, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2017, पृ.सं. 23
2. वही पृ.सं. 76
3. वही पृ.सं. 113
4. वही पृ.सं. 154
5. वहीपृ.सं. 127
6. सुशीला टाकभैरे, वह लड़की, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण 2017, पृ.सं. 130–131
7. वही पृ.सं.
8. वही पृ.सं. 170

Home: A representation of dehumanization and trauma

- Dr. Rajesh Vinayakrao Dandge

Abstract :

Home, the novel by Toni Morrison explores the theme of dehumanization, focusing on how racism, violence, and trauma can strip individual's dignity and humanity. Through the story of protagonist Frank Money, a Korean War veteran who returns to his hometown in Georgia, Morrison exposes the devastating impact of dehumanization on both the individual and the community. The present paper argues that Morrison's use of vivid, powerful imagery and poetic language serves to highlight the dehumanizing effects of discrimination, oppression, and trauma. By examining Frank's journey from victim to survivor, Morrison illuminates how people can reclaim their humanity and heal from the wounds inflicted by dehumanization.

Keywords : Dehumanization, Trauma, Racism, Identity Experiences of violence, Racial prejudice.

An African American novelist, essayist, and editor, Toni Morrison was born in Lorain, Ohio in 1931. Morrison is one of the authoritative voices of black literature who explores the experiences of African Americans, particularly black women, and the effects of racism and oppression through her novels and literary works. Morrison's writing is characterized by its lyrical prose, complex characters, and exploration of themes such as identity, trauma, and the search for home and belonging. Her remarkable contribution to the world of literature was appreciated by honouring her the Nobel Prize in Literature in 1993, making her the first African American woman to win the award.

Dehumanization is the process of depriving a person or group of people of the status of mere objects, often for manipulation or exploitation (Dehumanizatio-Is-The-Process-Of- Depriving). According to Meriam webster's dictionary dehumanization is "to deprive (someone or something) of human qualities, personality, or dignity." (n. p.) Dehumanization, is a complex and deceptive process that can have serious consequences for

individuals and societies. It typically involves reducing the inherent worth and dignity of a person or group by denying or attacking their essential human qualities. This can be done through language, behaviour, or social and cultural practices.

Home (2012) is Morrison's tenth novel, which narrates the story of a Korean War veteran's quest to save his younger sister, according to the publisher's description. When asked about her intention for writing this novel, Morrison expressed in multiple interviews her desire to challenge the perception of purity and tranquillity of the 1950s and expose the negative aspects of the decade, dismissing the notion that it was a comfortable time. She was particularly concerned about the Vietnam War, which was not officially recognized as a war, but resulted in the deaths of fifty-eight thousand people, a dark side of the War. With this perspective, Morrison explores the theme of dehumanization through the story of a young black man named Frank Money, who returns home after serving in the Korean War. Throughout the novel, Morrison depicts the various ways in which Frank and other characters are dehumanized, including racism, trauma, and prejudice.

The novel from the first page exposes the harsh realities of dehumanization. The lynching of Crawford, who refused to leave his house despite threats from white men, is described in brutal detail: he was "beaten to death with pipes and rifle butts and tied to the oldest magnolia tree in the country—the one that grew in his own yard" (Home 9). This scene serves as a glimpse into the violent and unjust treatment that black Americans faced during this time. By depicting such brutality early on, Morrison sets the stage for the themes of trauma and dehumanization that are explored throughout the novel. Cowford's dead body is thrown into a dug, instead of respectfully burial. "We saw them pull a body from a wheelbarrow and throw it into a hole already waiting" (18). The humiliating burial of Cowford's body, thrown disrespectfully into a hole instead of being buried with respect, symbolizes the loss of human dignity that African Americans have

experienced at the hands of unjust white racists.

There are instances of medical experiments carried out on African Americans during the 1950s by white doctors. These experiments were a part of social experiments conducted on the black population, which was not wanted by white society, and the aim was to restrict their reproduction. Cee, Frank sister, goes through this experiment and becomes infertile, "Your womb can't never bear fruit." Miss Ethel Fordham told her that." (86).

Morrison depicts another example of the medical experimentation and its brutality through the character Reverend John Locke who observes and shares with Frank: "Well, you know, doctors need to work on the dead poor so they can help the live rich" (11). Locke suggests that doctors use the bodies of deceased individuals who were poor to further their medical knowledge and improve their skills, with the ultimate goal of benefiting wealthier individuals who are still alive. It also implies disregard for the dignity and value of the lives of poor individuals, as their bodies are seen as a means to an end for the benifit of wealth. This attitude is reflective of the systemic injustices and inequalities present in society.

Schreiber, E. J. (2010) in his book Race trauma and home in the novels of Toni Morrison explores how the collective and individual trauma of slavery, which has been ingrained in the bodies and minds of its victims, continues to affect subsequent generations of African Americans. The lynching of Cowford is narrated by Frank's father and the story of this trauma is carried by Frank who tries to erase these memories, and also finds healing through the act of giving Cowford an honourable burial at the end of the novel. Cowford's burial is deeply ingrained in Frank's mind, and it is not until he and his sister Cee exhume the body and give it a proper burial that he can begin to move on from the trauma.

Frank's other traumatic experience in the field of Korean War is the death of his dear friends Mike and Stuff conveys the emotional impact of the event on him, and he seems to be overwhelmed and traumatized by the repeated experience of loss and helplessness, "I

dragged Mike to shelter and fought of the birds but he died anyway(69).” These striking memories of loss of best friends, presents a distressing and disturbing account of the Frank Money.

Thus, the incident offers a raw and emotional glimpse into the psychological toll of experiencing repeated trauma and loss, and the feeling of powerlessness that can result from being unable to save those we care about. The message contained in the letter about his sister Cee, "She be dead" (69) shatters him about futile attempt to save their friends' life, holding and talking to him for an hour, and even finding and retrieving a severed arm in the hopes that it could be reattached. Despite his efforts, the friends ultimately died. The speaker then expresses their exhaustion and unwillingness to watch anyone else close to die.

Frank Money arrives at Reverend John who grasps Frank as a soldier of the integrated army and acknowledges the mistreatment that soldiers face. He states, "An integrated army is integrated misery. You all go fight, come back, they treat you like dogs. Change that. They treat dogs better" (18). The statement suggests that integrating different races and ethnicities into a single military unit is inherently problematic and leads to negative outcomes. And also treated worse than animals.

Racial segregation is a harsh reality that denies human equality. The segregation incident was experienced by Frank's girlfriend, Lily, who was denied the opportunity due to her skin colour. Despite working hard as a seamstress at a dry cleaner, the woman at the agency told her that there were "restrictions" (50) on the houses she could buy, without explicitly stating that it was because of her race. Morrison highlights how racial discrimination was covertly institutionalized through policies that excluded people of colour from certain neighbourhoods and homes. This exclusion was often based on deep-seated stereotypes and prejudice, which upheld white supremacy and prevented people of colour from achieving upward mobility.

Through portrayal of the experiences of Frank and other characters, Morrison argues

that dehumanization is the result of larger social and cultural forces, but that it is possible to reclaim one's humanity through connection and self-discovery. This novel offers a message of hope and

resilience in the face of dehumanization and provides a powerful critique of how racism and violence can dehumanize people.

- Dr. Rajesh Vinayakrao Dandge
Asst. Professor in English
Karmaveer Bhaurao Patil College
Urun- Islampur, Tal. Walwa
Dist. Sangli (MH)
Mob No. 7972259047

References :

Bouson, J. Brooks. Review of Race, Trauma, and Home in the Novels of Toni Morrison. MFS Modern Fiction Studies, vol. 58 no. 1, 2012, p. 155-158. Project MUSE, doi:10.1353/mfs.2012.0012. web.

Cutter, Martha J., and J. Brooks Bouson. "Quiet as It's Kept: Shame, Trauma, and Race in the

Novels of Toni Morrison." African American Review 35.4 (2001): 671. African American Review. Web.

"Dehumanize." Merriam-Webster.com Dictionary, Merriam-Webster, https://www.merriam-

webster.com/dictionary/dehumanize. Accessed 16 Dec. 2023.

Morrison, Toni. Home. New York, Toronto, Alfred A. Knopf, 2012. Print.

Morrison, Toni. "Toni Morrison Home: In Conversation with Torrence Boone." By Torrence

Boone. YouTube. Talks at Google. 27 Feb.2013. Web. 15 Dec.2022. Schreiber,

Evelyn Jaffe. Race, Trauma, and Home in the Novels of Toni Morrison.

Washington D. C, LSU, 2010.Web.

राजभाषा कार्यान्वयन : प्रभावी प्रविधि

– हरिकिशोर गुप्त (शोधार्थी)

